प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक 16.02.2025

जनपद अम्बेडकरनगर थाना जैतपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15/16.02.2025 की रात्रि को थाना जैतपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पक्खनपुर स्थित गौशाला से दिनांक 10.02.2025 व 12.02.25 को कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा कर्मचारियों को बंधक बनाकर क्रमशः दो-दो गोवंश पिकप से उठाकर ले जाने की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना का मुख्य अभियुक्त दिलशाद पुत्र मोहम्मद निवासी ग्राम मेहियापार थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार तथा घटना मे प्रयुक्त एक अदद तमंचा ,दो अदद खोखा तथा एक अदद वाहन बोलेरो पिकप मैक्स बरामद। --

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार के निर्देशानुसार जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.02.2025 को समय करीब 11.00 बजे रात्रि मे थानाध्यक्ष थाना जैतपुर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र के पक्खनपुर स्थित गौशाला मे आज पुनः कुछ व्यक्ति पिकअप से आने वाले है जो पूर्व मे घटना कारित किये है। मुखबीर की सूचना पर थानाध्यक्ष जैतपुर द्वारा तत्काल थाने की द्वितीय मोबाइल को बताये गये स्थान पर पहुँचने के लिए अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष जैतपुर मय पुलिस टीम के सरकारी वाहन से रामगढ़ होते हुए ग्राम लखमीपुर के रास्ते पक्खनपुर गौशाला पहुंचने वाले थे की गौशाला से एक पीकप निकल कर चैनपुर की तरफ जा रही थी शंका होने पर पुलिस टीम द्वारा उस पिकप का पीछा किया गया तो पुलिस वालों को देखकर पीकप और तेज भागने लगी ब्रहमबाबा के पास आगे से द्वितीय मोबाइल व पीछे से मै थानाध्यक्ष मय हमराहियान के मदद से घेर लिया गया। पुलिस का घिराव देखकर पिकप मे बैठे बदमाश भागने लगे। अन्धेरे का फायदा उठाकर तीन बदमाश भाग खड़े हुए तथा एक बदमाश ब्रहम बाबा मंदिर की तरफ भागने लगा जिसका पीछा हम पुलिस वालों द्वारा किया गया आड़ पाकर हम पुलिस वालों को गाली देते हुए जान लेवा हमला किया जिससे हमराही का0 बृजेश यादव बाल बाल बचे तब पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ मे पुलिस की गोली से बदमाश मो0 दिलशाद पुत्र मोहम्मद निवासी ग्राम मेहियापार थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ के पैर मे गोली लगी जिसको तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी भियांव भेजा गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक अदद तमंचा .315 बोर व दो अदद खोखा .315 बोर तथा एक अदद वाहन बोलेरो पिकप मैक्स UP 50 DT 6221 बरामद किया गया तथा अन्य बदमाश 01.परवेज पुत्र लंगड़ निवासी ग्राम शाहपुर सरैया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ 02.तबरेज पुत्र लंगड़ निवासी ग्राम शाहपुर सरैया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ 03. दानिश पुत्र मुनमुन ग्राम मेहियापार थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गये। थाना स्थानीय पुलिस द्वारा अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नोटः-मुख्य अभियुक्त दिलशाद उर्फ करिया उर्फ कोट्टा पूर्व में अपना नाम बदल-बदल कर अपराध करता था

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त –

01-मो0 दिलशाद उर्फ करिया उर्फ कोट्टा पुत्र मोहम्मद निवासी ग्राम मेहियापार थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।

विवरण फरार अभियुक्त

1.परवेज पुत्र लंगड़ निवासी ग्राम शाहपुर सरैया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़

2.तबरेज पुत्र लंगड़ निवासी ग्राम शाहपुर सरैया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़

3. दानिश पुत्र मुनमुन ग्राम मेहियापार थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़

आपराधिक इतिहास ---(मो0 दिलशाद उर्फ करिया उर्फ कोट्टा पुत्र मोहम्मद)

01-मु0अ0सं0-33/25 धारा-305, 127(2), 324(4) बीएनएस व धारा-11 पशु क्रूरता अधिनियम एवं धारा-3/5**A**/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना जैतपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

02-मु0अ0सं0-37/25 धारा-109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जैतपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

03-मु0अ0सं0-468/2011 धारा-323, 379, 429, 504, 506 भादवि थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।

04-मु0अ0सं0-243/2017 धारा- 60 आबकारी अधिनियम व धारा-272, 273 भादवि थाना पवई जनपद आजमगढ़।

05- मु0अ0सं0-74/2018 धारा-11 पशु क्रूरता अधिनियम एवं धारा-3/5**A**/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।

06-मु0अ0सं0-137/21 धारा-3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़।

07-मु0अ0सं0-300/23 धारा- धारा-3/5**A**/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़।

08-मु0अ0सं0-262/24 धारा 109(1), 121(1), 132, 324(4) बीएनएस थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

09-मु0अ0सं0-267/24 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट धारा-109(1) बीएनएस थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण बरामदगी

1- एक अदद वाहन बोलेरो पिकप मैक्स UP 50 DT 6221
2- 01 अदद तमंचा .315 बोर
3- 02 अदद खोखा कारतूस .315 बोर
4- एक अदद चाकू
5- रस्सी छोटी / बड़ी

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम (थाना जैतपुर जनपद अम्बेडकरनगर)

1. S0 वन्दना अग्रहरि
2. उ0नि0 दिनेशचन्द्र मिश्र
3. उ0न0 संदीप विश्वकर्मा
4. उ0नि0 अमित कुमार वर्मा
5. उ0नि0 कृष्णचन्द्र शुक्ला
6. हे0का0 दुर्गेश सिंह
7. हे0का0 कृपाशंकर यादव
8. का0 हरिश्याम सरोज
9. का0 बृजेश यादव
10. का0 अरविन्द कुमार